>

Title: Need to accord approval to the proposals of Government of Maharashtra regarding construction of roads under core network scheme of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री गजानन ध. बाबर (मावल): प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के कोर नेटवर्क का कार्य 2000-01 में महाराष्ट्र राज्य में शुरू किया गया था जबकि कोर नेटवर्क की शुरुआत 1972 में रोज़गार गारंटी योजना के तहत सड़कों को जल्दी जोड़ने के लिए किया गया था, लेकिन इसके तहत कुछ ही राज्यों में इस जमीनी कार्य को किया गया मेरा मानना है कि महाराष्ट्र राज्य, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की रोज़गार गारंटी योजना के लिए उपयुक्त राज्य है।

पिछले 2-3 साल से यह देखने में आया है कि महाराष्ट्र राज्य के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत (नयी सड़कों को जोड़ने और उन्नयन) धनराशि आवंटित नहीं की गई है और वर्तमान में सरकार सिर्फ चार विषयों के तहत कार्य कर रही है। 1. भारत निर्माण योजना के चरण एक के तहत अवशिष्ट नई कनेक्टिविटी कवरेज, 2. ऐसी परियोजना जिनको विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक की सहायता मिल रही हो, 3. अति पिछड़े जिलों की पहचान कर नयी बस्तियों को सड़क मार्ग से जोड़ना, 4. सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष सड़क कनेक्टिविटी पैकेज, जबकि कुछ राज्यों में कोर नेटवर्क के तहत इस योजना को चलाया जा रहा है जो कि बाकी राज्यों में ऐसा नहीं है।

मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि सरकार अपनी इस निति में बदलाव करे और कोर नेटवर्क के तहत महाराष्ट्र सरकार द्वारा भेजे गए समस्त प्रस्तावों को स्वीकार करे।

_

_

_